डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश
DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–226031

पत्रांक:ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / स्था0 / EST-2/125 / 2026 / 13127

दिनांक: 11 अगस्त, 2026

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध
समस्त संस्थान

विषयः– 'हर घर तिरंगा अभियान–2026'।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में संस्कृति अनुभाग उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या–183 / 2026 / 2084 / 4–2026–1955062 दिनांक 31.07.2026 एवं पत्र संख्या–2225 / चार–2026–1955062 दिनांक 05.08.2026 (प्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या–42–22 / 119 / 2022–AKAM(PT-II) दिनांक 14.07.2026 तथा मा0 मुख्यमंत्री जी के स्तर पर दिनांक 24, 25 एवं 31 जुलाई, 2026 को सम्पन्न बैठक में दिये गये निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत वर्ष–2022 से 'हर घर तिरंगा अभियान' शुरू किया गया था, इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत एवं भावनात्मक सम्बन्ध बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

इसी भावना को जारी रखते हुए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम' की 150वीं जयन्ती मनायी जा रही है। भारत सरकार द्वारा वन्दे मातरम के तृतीय चरण के साथ 'हर घर तिरंगा अभियान–2026' को उत्सव के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। दिनांक 09 से 17 अगस्त, 2026 के बीच सम्पूर्ण देश में 'हर घर तिरंगा अभियान–2026' का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम को भौतिक एवं डिजिटल दोनों रूप में आयोजित किया जायेगा, भौतिक रूप से तिरंगा फहराते हुए 'वन्दे मातरम' का गायन किया जायेगा तथा डिजिटल सैलीब्रेशन के अन्तर्गत तिरंगा के साथ सेल्फी एवं वन्दे मातरम के गायन को हर घर तिरंगा की वेबसाइट (www.harghartiranga.com) पर सेल्फी लेते हुए अपलोड किया जायेगा।

अतः कृपया उक्त से अवगत होते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संस्कृति अनुभाग उ0प्र0 शासन के शासनादेश दिनांक 31.07.2026 एवं 05.08.2026 में दिये गये निर्देशानुसार व्यापक जनसहभागिता से 'हर घर तिरंगा अभियान–2026' का सफल आयोजन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः–यथोक्त

भवदीय

(रीना सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थः–

1. प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1 उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. प्रति कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. समस्त अधिष्ठाता, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, ए0के0टी0यू0, को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त शासनादेश के अनुसार विश्वविद्यालय में कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
7. समस्त उपकुलसचिव / सहायक कुलसचिव / जनसम्पर्क अधिकारी / व्यवस्थाधिकारी / सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
8. स्टाफ आफीसर, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव